# AIBE 17 QUESTION PAPER 2023 (HINDI LANGUAGE)

1. हिन्दू भरण-पोषण तथा दत्तक अधिनियम, 1956 की धारा 12 संबंधित है

(A) दत्तक अभिभावक को अपनी संपत्ति का निपटान का अधिकार से

(B) गोद लेने के प्रभाव से

(C) दत्तक संबंधित दस्तावेजों के रूप में अनुमान

(D) गोद लेने को रद्द करना

2. निम्नलिखित में से कौन सी श्रेणी के केस जनहित याचिका (PIL) के रूप में विचारणीय नहीं होंगे?

(A) पारिवारिक पेंशन

(B) दंगा पीड़ितों की याचिकाएँ

(C) उपेक्षित बच्चे

(D) मकानदार-किरायेदार के मामले

3. कौन भारत में जनहित याचिका के जनक के रूप में जाने जाते हैं?

(A) न्यायमूर्ति ए. एन. राय

(B) न्यायमूर्ति वाय. बी. चंद्रचूड़

(C) न्यायमूर्ति आर. एस. पाठक

(D) न्यायमूर्ति पी. एन. भगवती

4. निम्नलिखित में से कौन सा जनहित याचिका का यथार्थ उद्देश्य नहीं है?

(A) विधि के नियम का पुष्टिकरण

(B) न्याय के प्रभावी पहुँच की सुविधा

(C) मौलिक अधिकारों की सार्थक प्राप्ति

(D) ख्याति प्राप्त करना और संपत्ति बनाना

5. हुसैनआरा खातून बनाम बिहार राज्य में ______ एक मूल मौलिक अधिकार के रूप में उभर कर आया ।

(A) त्वरित न्याय का अधिकार

(B) स्वच्छ वातावरण का अधिकार

(C) निःशुल्क कानूनी सहायता का अधिकार

(D) इनमें से कोई नहीं

6. निम्नलिखित में से कौन सी याचिका सार्वजनिक पद को हड़पने के विरुद्ध जारी की जा सकती है?

(A) परमादेश याचिका

(B) उत्प्रेषण याचिका

(C) अधिकार-पृच्छा याचिका

(D) प्रतिषेध याचिका

7. रीड्ज बनाम बाल्डवीन का केस संबंधित है

(A) कॉर्पोरेशन से

(B) प्राकृतिक न्याय से

(C) राज्य दायित्व से

(D) प्रत्यायोजित विधायन से

8. "Audi alteram partem" का अर्थ है:

(A) व्यक्ति को सुने बिना उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता ।

(B) एक निर्णय प्राधिकरण को सकारण आदेश अवश्य देना चाहिए।

(C) कोई भी व्यक्ति अपने अभियोग में न्यायाधीश नहीं हो सकता।

(D) किसी को भी न्यायालय से डरना नहीं चाहिए।

9. अपनी नियम बनाने के शक्ति का प्रयोग करते हुए ______ के अंतर्गत बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा नियम बने हुए हैं।

(A) अधिवक्ता अधिनियम, 1951

(B) अधिवक्ता अधिनियम, 1954

(C) अधिवक्ता अधिनियम, 1961

(D) अधिवक्ता अधिनियम, 1964

10. निम्नलिखित में से कौन सा हिंदू विवाह अधिनियम में तलाक का आधार नहीं है ?

(A) मानसिक विकार

(B) संक्रामक रूप में यौन रोग

(C) असाध्य विकृतचित्त

(D) तीन महीने से कम समय से अलग-अलग रहना

11. निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत भारतीय ईसाई विवाह -विच्छेद कर सकते हैं?

(A) विशेष विवाह अधिनियम, 1954

(B) ईसाई विवाह अधिनियम, 1872

(C) भारतीय विवाह विच्छेद अधिनियम, 1869

(D) विशेष विवाह अधिनियम, 1872

12. यदि कोई एडवोकेट, एडवोकेट अधिनियम की धारा 35 के अंतर्गत बनाई गई राज्य बार कौंसिल की अनुशासनात्मक समिति या राज्य के एडवोकेट जनरल के आदेश से व्यथित हो तो आदेश संप्रेषित करने की तिथि के ______ दिनों के अंदर बार कौंसिल ऑफ इण्डिया को अपील प्रस्तुत कर सकता है।

(A) 30

(B) 45

(C) 60

(D) 90

13. ABC प्राइवेट लिमिटेड कंपनी स्वयं को सार्वजनिक कंपनी में परिवर्तित करना चाहती है। ऐसा संगम ज्ञापन और संस्था के अंतर्नियम में परिवर्तन करके और ______पारित करके किया जा सकता है।

(A) साधारण प्रस्ताव

(B) विशेष प्रस्ताव

(C) बोर्ड प्रस्ताव

(D) इनमें से कोई नहीं

14. नैगमिक आवरण के अनावरण और भेदन का सिद्धांत संबंधित है

(A) श्रम विधि से

(B) कंपनी विधि से

(C) बैंकिंग विधि से

(D) सेवा विधि से

15. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की किस धारा के अंतर्गत, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (NGT) को अपील निहित है।

(A) धारा 4A

(B) धारा 5A

(C) धारा 6A

(D) धारा 7A

16. निम्नलिखित में से कौन सा मौलिक कर्तव्य पर्यावरण संरक्षण से संबंधित है?

(A) अनुच्छेद 51A (b)

(B) अनुच्छेद 51A (g)

(C) अनुच्छेद 51A (j)

(D) अनुच्छेद 51A (k)

17. श्री A जो नियन्त्रक या निर्णयन ऑफिसर के आदेश से पीड़ित था, उसने सायबर अपीलीय ट्रीब्युनल (न्यायाधिकरण) को एक अपील की। बाद में सायबर अपीलीय ट्रीब्युनल के आदेश से पीड़ित श्री A _____ में अपील कर सकते हैं।

(A) किसी भी जिला न्यायालय में

(B) उच्च प्राधिकरण में

(C) केवल उच्च न्यायालय में

(D) केवल उच्चतम न्यायालय में

18. श्री X, जो श्री Y, एक प्रवर्तक द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को प्राप्त करने के लिए आशयित है, IT अधिनियम के अंतर्गत, जाना जायेगा _______।

(A) मध्यस्थ

(B) प्रवर्तक ऐजेंट

(C) प्राप्यकर्ता

(D) मुख्य धारक

19. ट्रेड यूनियन के पंजीकरण के लिए आवश्यक न्यूनतम सदस्य संख्या है।

(A) 2

(B) 3

(C) 5

(D) 7

20. नियोक्ता द्वारा प्रमुखतः पोस्ट किये गये प्रमाणित स्थायी आदेश का टेक्स्ट ______ और उसके अधिकतर कामगार समझ सके उस भाषा में होना चाहिए।

(A) हिन्दी

(B) अंग्रेजी

(C) देवनागरी लिपि

(D) संविधान की 8 वीं अनुसूची में निर्दिष्ट भाषा में

21. एक अधिवक्ता प्रेक्टिस के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणित किसी शैक्षणिक संस्थान में विधि का शिक्षण दे सकता है, जब तक कि घण्टे जिसके दौरान वह विधि के शिक्षण में नियोजित हो एक दिन में _____ घण्टों से अधिक न हो।

(A) 5

(B) 3

(C) 2

(D) 4

22. निम्नलिखित में से कौन से ऐतिहासिक मामले में एडवोकेट को व्यावसायिक कदाचार के लिए दोषी ठहराया गया क्योंकि उसने जाली कोर्ट आदेश दिया था?

(A) प्रताप नारायण बनाम वाय. पी. राहेजा

(B) विक्रमादित्य बनाम श्रीमती जामिला खातून

(C) बाबूलाल जैन बनाम सुभाष जैन

(D) श्रीमती पी. पंकजम बनाम बी. एच. चंद्रशेखर

23. मान लीजिए कि सड़क दुर्घटना होती है, तो एक एडवोकेट होने के नाते स्थिति तक पहुँचने का सही तरीका क्या है ?

(A) FIR > याचिका > बीमा कंपनी को समन

(B) याचिका > FIR > बीमा कंपनी को समन

(C) बीमा कंपनी को समन > याचिका > FIR

(D) FIR > बीमा कंपनी को समन > याचिका

24. “Ubi jus ibi idem remedium" (जहाँ क्षति है वहाँ उपचार है) का सिद्धांत इसमें स्वीकृत हुआ

(A) विंटरबोट्टोन बनाम राइट

(B) चैम्पमैन बनाम पिकर्सगील

(c) ऐश्बे बनाम व्हाइट

(D) रायलैण्ड्स बनाम फ्लैचर

25. ग्लूसेस्टर ग्रामर स्कूल केस निम्नलिखित में से किस सूत्र पर आधारित एक ऐतिहासिक केस है ?

(A) Damnum sine injuria

(B) Injuria sine damnum

(C) Volenti non fit injuris

(D) Audi alteram partem

26. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के अंतर्गत राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के पास माल अथवा सेवाओं के प्रतिफल के रूप में चुकाई गई रु _______ से अधिक राशि की शिकायत का न्यायाधिकार-क्षेत्र है।

(A) 1 करोड

(B) 10 करोड़

(C) 50 करोड़

(D) 100 करोड़

https://www.xamstudy.com

27. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 41 के अंतर्गत जिला आयोग के आदेश से अपील _______ को होती है।

(A) राज्य आयोग

(B) उपभोक्ता प्राधिकरण

(C) राष्ट्रीय आयोग

(D) उच्च न्यायालय

28. एक व्यक्ति के लिए पिछले किसी भी वर्ष में भारत का निवासी माने जाने की एक शर्त यह है :

(A) यदि वह पिछले वर्ष के दौरान 182 दिनों या उससे अधिक अवधि से भारत में है।

(B) यदि वह पिछले वर्ष के दौरान 180 दिनों या उससे अधिक अवधि से भारत में है।

(C) यदि वह पिछले वर्ष के दौरान 181 दिनों या उससे अधिक अवधि से भारत में है।

(D) यदि वह पिछले वर्ष के दौरान 360 दिनों या उससे अधिक अवधि से भारत में है।

29. श्री कपूर ने जनवरी, 2021 में ₹ 80,00,000 में एक आवासीय मकान क्रय किया। उन्होंने यह मकान अप्रैल, 2022 में ₹ 94,00,000 में बेच दिया। इस मामले में आवासीय मकान के विक्रय से प्राप्त लाभ के ₹ 14,00,000 पर कर निम्नलिखित में से किस शीर्षक के अंतर्गत वसूल किया जायेगा ?

(A) पूंजी लाभ से आय

(B) मकान संपत्ति से आय

(C) व्यवसाय या पेशे के लाभ से प्राप्त आय

(D) अन्य स्रोतो से प्राप्त आय

30. एक व्यक्ति जिसे फैक्टरी अधिनियम, 1948 के अंतर्गत फैक्टरी के सभी मामलों में सर्वोच्च नियंत्रण प्राप्त है कहलाता है ________

(A) अधिभोगी

(B) प्रबंध निदेशक

(C) अध्यक्ष

(D) प्रबंधक

31. यदि फैक्टरी 1000 से ज्यादा कामगारों को नियोजित करती है तो उन्हें निर्धारित कर्तव्यों को कार्यान्वित करने के लिए अर्हता प्राप्त ________को नियुक्त करना चाहिए।

(A) सुरक्षा अधिकारी

(B) कल्याण अधिकारी

(C) विकास अधिकारी

(D) इनमें से कोई नहीं

32. B, जो एक समाचारपत्र का मालिक है, पेपर में A की विनती पर C पर एक अपमान-लेख प्रकाशित करता है। और A प्रकाशन के परिणामों और उसके संबंध में सभी लागतों और नुकसानों के विरुद्ध B को क्षतिपूर्ति के लिए सहमत होता है। C ने B पर मुकदमा दायर किया और उसे नुकसान चुकाना है और खर्च भी उठाना है। भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 224 के आलोक में निर्णय कीजिए।

(A) A, B को क्षतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी नहीं है।

(B) A, B को क्षतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी है।

(C) A. C को क्षतिपूर्ति के लिए उत्तरदायी नहीं है।

(D) इनमें से कोई नहीं।

33. एक व्यक्ति जिसे एजेंट एजेंसी के व्यवसाय में प्रिंसिपल के रूप में कार्य करने के लिए नामित करता है, नाम के अभिव्यक्त या निहित प्राधिकार के अंतर्गत, _______ कहलायेगा।

(A) उप-ऐजेंट

(B) प्रतिस्थापित ऐजेंट

(C) ऐजेंट

(D) उपाप्त ऐजेंट

34. एक ________ निषेधाज्ञा सुनवाई के दौरान और वाद की योग्यता पर की गई हो तभी डिक्री उसे मान्य कर सकता है। और प्रतिवादी शाश्वतरूप से अधिकार के समर्थन से या कार्य की स्वीकृति से को लागू कर सकता है जो वादी के अधिकार से विपरीत हो सकता है।

(A) अस्थायी

(B) चिरस्थायी

(C) अस्थायी और चिरस्थायी दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

35. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 की धारा 5 के अंतर्गत विशिष्ट अचल संपत्ति के कब्जे का हकदार व्यक्ति उसे ______ में दिये गये तरीके से प्राप्त कर सकता है।

(A) विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963

(B) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

(C) दंड प्रक्रिया संहिता, 1973

(D) संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882

36. जहाँ बंधक-कर्ता बंधकित संपत्ति का कब्जा बंधकदार को प्रदान करता है, और जब तक बंधक राशि अदा न कर दे तब तक उसके स्वामित्त्व के लिए और ब्याज के बदले में या बंधक-राशि की अदायगी में किराया या संपति से अर्जित लाभ प्राप्त करने के लिए उसे प्राधिकृत करता है, यह लेन-देन ________ कहलाता है।

(A) सशर्त बंधक

(B) इंग्लिश बंधक

(C) सादा बंधक

(D) भोग बंधक

37. श्री मनजोत मै. सिंह ट्रेडर्स से माल आपूर्ति करने वाला ट्रेडर है। फर्म का ऑफिस दिल्ली में है जबकि गोदाम क्रमशः उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू और कश्मीर में स्थित हैं। मै. सिंह ट्रेडर्स ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों से निम्नलिखित आंतर-राज्य आपूर्तियां की है:

(i) दिल्ली - कर योग्य आपूर्तियाँ: ₹ 21,00,000

(ii) पंजाब - कर-मुक्त आपूर्तियाँ: ₹ 6,00,000

(iii) उत्तर प्रदेश - करयोग्य और करमुक्त आपूर्तियाँ: प्रत्येक क्रमश: ₹3,00,000

(iv) जम्मू और कश्मीर - करयोग्य और करमुक्त आपूर्तियाँ: क्रमश: 8,00,000 और 3,00,000 श्री मनजोत को GST के अंतर्गत किस राज्य में पंजीकरण लेने की आवश्यकता है ?

(A) दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और जम्मू और कश्मीर

(B) दिल्ली, उत्तर प्रदेश और जम्मू और कश्मीर

(C) दिल्ली और उत्तर प्रदेश

(D) दिल्ली

38. वर्तमान में किसी भी नियमित करदाता के लिए प्राथमिक GST स्लैब रखा गया है

(A) 0%, 5%, 12%, 18%, 26%

(B) 0%, 6%, 12%, 18%, 28%

(C) 0%, 5%, 12%, 18%, 28%

(D) 0%, 5%, 12%, 16%, 28%

39. निम्नलिखित में से कौन सा परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के अंतर्गत परिभाषित परक्राम्य लिखत नहीं है?

(A) वचन पत्र

(B) विनिमय पत्र

(C) चेक

(D) बिलिगं रसीद

40. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापना में उचित मुआवजा और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार निम्नलिखित में से किस उद्देश्य के लिए समुचित सरकार भूमि अर्जित कर सकती है ?

1. संघ के नौसेना, सैन्य, वायु सेना और सशस्त्र बलों से संबंधित सामरिक उद्देश्य हेतु

2. जल एकत्रीकरण और जल संरक्षण संरचनाओं, स्वच्छता की परियोजनाओं के लिए

3. परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए प्रोजेक्ट

4. खेल, स्वास्थ्य देखभाल, प्रवासन, परिवहन या अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए परियोजनाएँ

(A) 1, 2 और 3

(B) 2, 3 और 4

(C) 1, 2 और 4

(D)1, 2, 3 और 4

41. भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापना में उचित मुआवजा और पारदर्शिता के अधिकार अधिनियम, 2013 के अंतर्गत 'विशिष्ट व्यक्ति' से तात्पर्य है _____ के अलावा कोई भी व्यक्ति।

(A) समुचित सरकार

(B) सरकारी कंपनी

(C) समुचित सरकार द्वारा नियंत्रित या समुचित सरकार द्वारा पूर्णतः या आंशिक सहायता प्राप्त व्यक्तियों का संघ या ट्रस्ट या सोसायटी

(D) यह सभी

42. ट्रेड मार्क अधिनियम, 1999 हेतु कौन ट्रेड मार्क का रजिस्ट्रार हो सकता है?

(A) पेटेंट, डिजाइन और ट्रेड मार्क का कंट्रोलर - जनरल

(B) कॉपीराइट, डिज़ाइन और ट्रेड मार्क का कंट्रोलर-जनरल

(C) पेटेंट, डिजाइन और ट्रेड मार्क का डिरेक्टर - जनरल

(D) कॉपीराइट, डिज़ाइन और ट्रेड मार्क का डिरेक्टर जनरल

43. निम्नलिखित में से कौन सा/से IPR का / के प्रकार नहीं है/हैं?

(A) कॉपीराइट

(B) पेटेंट

(C) डिजाइन

(D) ऐतिहासिक संकेत

44. निम्नलिखित में से किस वाद में यह निर्णीत किया गया कि अवयस्क के साथ संविदा शून्य है?

(A) कैरलील बनाम कार्बोलिक स्मोक्स बॉल कं.

(B) चिन्नैया बनाम रामैया

(C) मोहोरी बीबी बनाम धरमोदास घोष

(D) हार्वे बनाम फेसी

45. विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन सा/से 'घोषणात्मक डिक्रियों के संबंध में सही है/हैं?

(A) उक्त अधिनियम की धारा 34 इससे संबंधित है।

(B) यह विवेकाधीन प्रकृति का है।

(e) दोनो, (उक्त अधिनियम की धारा 34 इससे संबंधित है।) और (यह विवेकाधीन प्रकृति का है।)

(D) इनमें से कोई नहीं

46. निम्नलिखित में से 1985 के कौन से संशोधन अधिनियम के द्वारा, दल-बदल विरोध कानून भारतीय संविधान में जोड़ा गया?

(A) 51वें संवैधानिक संशोधन

(B) 52वें संवैधानिक संशोधन

(C) 53वें संवैधानिक संशोधन

(D) 54वें संवैधानिक संशोधन

47. निम्नलिखित में से कौन से वाद में उच्चतम न्यायालय ने यह निर्णीत किया कि, एक संवैधानिक संशोधन अनुच्छेद 13(2) के अर्थ के भीतर 'कानून' है और इसलिए यदि वह किसी भी मौलिक अधिकार का भंग करता है तो वह शून्य / अमान्य घोषित किया जा सकता है?

(A) सज्जन सिंह बनाम राजस्थान राज्य

(B) केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य

(C) इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ

(D) गोलक नाथ बनाम पंजाब राज्य

48. भारत में समान नागरिक संहिता है:

(A) मौलिक अधिकार

(B) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत

(C) सरकारी नीति

(D) संवैधानिक अधिकार

49. अनुच्छेद 16 के अनुसार, राज्य के अधीन किसी नियोजन या पद के सम्बन्ध में केवल ______ या इनमे से किसी के आधार पर न तो कोई नागरिक अपात्र होगा और न उससे विभेद किया जायेगा

(A) धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, उद्भव, जन्म-स्थान, निवास

(B) धर्म, आयु, जाति, लिंग, उद्भव, जन्म-स्थान, निवास

(C) धर्म, मूलवंश, आयु, लिंग, उद्भव, जन्म-स्थान, निवास

(D) धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, उद्भव, जन्म-स्थान, आयु

50. जिस मामले में इस संविधान के निर्वचन के बारे में विधि का कोई सारवान प्रश्न अंतर्वलित है उसका विनिश्चय करने के प्रयोजन के लिए या अनुच्छेद 143 के अधीन निर्देश की सुनवाई करने के प्रयोजन के लिए बैठने वाले न्यायाधीशों को न्यूनतम संख्या ________ होगी।

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

51. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 300 A के अनुसार, किसी ______ को उसकी संपत्ति से विधि के प्राधिकार से ही वंचित किया जायेगा, अन्यथा नहीं|

(A) व्यक्ति

(B) नागरिक

(C) विदेशी

(D) भारतीय

52. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13 के अनुसार निम्न में से कौन सा "कानून" नहीं है?

(A) नियम

(B) उप-विधि

(C) रूढ़ि या प्रथा

(D) इनमें से कोई नहीं

53. निम्नलिखित में से कौन सी अनुसूची भारतीय संविधान की संघ सूची , राज्य सूची और समवर्ती सूची से संबंधित है?

(A) अनुसूची 7

(B) अनुसूची 10

(C) अनुसूची 11

(D) अनुसूची 12

54. भारतीय संविधान का शीर्षक किसमें निहित है?

(A) अनुच्छेद 1

(B) अनुच्छेद 5

(C) अनुच्छेद 300

(D) अनुच्छेद 393

55. भारतीय संविधान के किस भाग में मौलिक अधिकारों के संवैधानिक प्रावधान दिये गये हैं?

(A) भाग I

(B) भाग II

(C) भाग III

(D) भाग IV

56. प्राइवेट प्रतिरक्षा के आधिकार का प्रावधान भा. दं. सं की _____ के बीच दिया गया है।

(A) धारा 74-84

(B) धारा 96-106

(C) धारा 107-120

(D) धारा 141-160

57. भा.दं.सं. की धारा 90 के अंतर्गत सम्मति एक वैध सम्पति नहीं है

(A) यदि क्षति के भय या तथ्य की भ्रांति के अंतर्गत दी गई है।

(B) यदि विकृतचित्त के व्यक्ति द्वारा दी गई है।

(C) 12 वर्ष से कम आयु के बच्चे द्वारा दी गई है।

(D) इन सभी

58. ______ के अधीन यथा-उपबंधित अनुसार माता के गर्भ में कारित हत्या मानव वध नहीं है।

(A) धारा 300 के स्पष्टीकरण |||

(B) धारा 299 के स्पष्टीकरण |||

(C) धारा 301 के स्पष्टीकरण ||

(D) धारा 302 के स्मटीकरण ||

59. भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत मानहानि के लिए दंड साधारण कारावास जो ________ अवधि तक बढ़ाया जा सकता है या जुर्माना या दोनों है

(A) 2 वर्ष

(B) 3 वर्ष

(C) 4 वर्ष

(D) 5 वर्ष

60. महिला की मर्यादा भंग करने के आशय से उस पर हमला या आपराधिक बल प्रयोग भा.दं.सं. के अंतर्गत किस प्रकार का अपराध है?

(A) असंज्ञेय और जमानतीय

(B) संज्ञेय और जमानतीय

(C) संज्ञेय और अजमानतीय

(D) असंज्ञेय और अजमानतीय

61. ‘A’ अग्नि-शत्रों के साथ एक भवन के बाहर पुरुषों को तैनात करता है और 'Z' से कहता है कि वह ‘Z’ पर फायद करेंगे, यदि ‘Z’ भवन छोड़ने का प्रयत्न करता है। 'A' किस लिए दोषी है?

(A) सदोष परिरोध

(B) सदोष अवरोध

(C) दोनो सदोष परिरोध और सदोष अवरोध

(D) इनमें से कोई नहीं

62. द.प्र.सं. के अध्याय XXIA के अंतर्गत तर्क सौदे के प्रावधान प्रयोज्य नहीं है यदि अपराध _____ से कम आयु के बच्चे के विरुद्ध किया गया है।

(A) 12 वर्ष

(B) 14 वर्ष

(C) 16 वर्ष

(D) 18 वर्ष

63. भारतीय दंड संहिता की धारा 82 और 83 के अंतर्गत, एक अपराध दंडनीय है यदि यह _______ बालक द्वारा किया गया है।

(A) सात वर्ष से कम आयु के

(B) सात वर्ष से ज्यादा परंतु बारह वर्ष से कम आयु के जितने पर्याप्त परिपक्वता और समझ प्राप्त कर ली है ऐसे

(C) सात वर्ष से ज्यादा परंतु दस वर्ष से कम आयु के जिसने पर्याप्त परिपक्वता और समझ प्राप्त कर ली है ऐसे

(D) सात वर्ष से ज्यादा परंतु बारह वर्ष से कम आयु के जिसने पर्याप्त परिपक्वता और समझ प्राप्त नहीं कर ली है ऐसे

64. दंड दायित्व की दो आवश्यक शर्तों के नाम दीजिए।

(A) दोषी शरीर और वैध कार्य

(B) दोषी आशय और गलत अभिप्राय

(C) दोषी मन और अवैध कार्य

(D) दोषी अभिप्राय और अवैध कार्य

65. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की कौन सी धाराएँ उपस्थिति की बाध्यता की आदेशिकाओं से संबंधित हैं ?

(A) धारा 61 से 90

(B) धारा 154 से 173

(C) धारा 211 से 219

(D) धारा 274 से 282

66. किस अपराध के लिए एक पुलिस ऑफिसर एक व्यक्ति को बिना वॉरंट के गिरफ्तार कर सकता है ?

(A) असंज्ञेय अपराध

(B) संज्ञेय अपराध

(C) जमानतीय अपराध

(D) इनमें से कोई नहीं

67. परिवाद पर संस्थित समनी विचारण बाद में जहाँ अभियुक्त पर समन जारी किया गया, वादी की अनुपस्थिति या मृत्यु में _____

(A) अभियुक्त को उन्मोचित किया जायेगा

(B) अभियुक्त को दोषमुक्ति मिलेगी।

(C) बाद के तथ्य और परिस्थितियों के आधार पर अभियुक्त उन्मुक्ति या दोषमुक्ति मिलेगी।

(D) इनमें से कोई नहीं

68. मान लीजिए कि F.I.R स्टेशन हाउस ऑफिसर ने पंजीकृत नहीं की है। परिवादी के पास क्या विकल्प हैं?

(A) पुलिस अधीक्षक से संपर्क करना

(B) निजी शिकायत दर्ज करके मजिस्ट्रेट से संपर्क करना

(C) इनमें से कोई नहीं

(D) दोनो (पुलिस अधीक्षक से संपर्क करना) और (निजी शिकायत दर्ज करके मजिस्ट्रेट से संपर्क करना)

69. द.प्र.सं. की धारा 160 के अंतर्गत अन्वेषण कर रहे किसी पुलिस ऑफिसर को एक पुरुष की उसके आवास के अलावा अन्य कोई स्थान पर उपस्थिति की आवश्यकता नहीं है, जो है

(A) 15 वर्ष से कम आयु और 60 वर्ष से अधिक आयु

(B) 18 वर्ष से कम आयु और 60 वर्ष से अधिक आयु

(C) 15 वर्ष से कम आयु और 65 वर्ष से अधिक आयु

(D) 18 वर्ष से कम आयु और 65 वर्ष से अधिक आयु

70. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 "धर्मनिरपेक्ष" स्वरूप की है यह निम्नलिखित में से किस बाद में है ?

(A) ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य

(B) अर्नेश कुमार के वाद में

(C) मो. अहमद खान बनाम शाह बानो बेगम

(D) सेल्वी बनाम कर्नाटक राज्य

71. मुकदमे के संक्षिप्त विचारण की शक्ति किसके पास है ?

(A) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (दंडाधिकारी)

(B) मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट

(C) उच्च न्यायालय द्वारा विशिष्ट रूप से सशक्त कोई भी प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट

(D) यह सभी

72. सिविल प्रक्रिया संहिता का कौन सा आदेश अस्थायी निषेधाज्ञा और वादकालीन निषेधाज्ञा से संबंधित है ?

(A) आदेश 38

(B) आदेश 39

(C) आदेश 40

(D) आदेश 41

73. A अहमदाबाद में एक व्यापारी है, B दिल्ली में व्यवसाय चला रहा है। B अहमदाबाद में अपने ऐजेन्ट के द्वारा A का सामान खरीदता है और उसे A से वेस्टर्न रोडवेज ट्रांसपोर्ट कंपनी को भेजने के लिए बिनती करता है। A तदनुसार अहमदाबाद में माल भेजता है। A B पर माल की कीमत के लिए वाद जारी कर सकता है

(A) केवल अहमदाबाद में

(B) केवल दिल्ली में

(C) या तो अहमदाबाद में या दिल्ली में

(D) भारत में कहीं पर भी

74. सिविल प्रक्रिया संहिता की निम्नलिखित में से कौन सी धारा RES JUDICATA (प्राङ्न्याय) की संकल्पना से संबंधित है?

(A) धारा 10

(B) धारा 11

(C) धारा 12

(D) धारा 13

75. श्री X, श्री Y और श्री Z ₹ 10,000 के लिए श्री A द्वारा प्राप्त आज्ञप्ति (डिक्री) के अधीन संयुक्त रूप से और पृथक रूप से दायी है। श्री Y श्री A के विरुद्ध अकेले ₹10,000 की आज्ञप्ति प्राप्त करता है और कोर्ट में निष्पादन के लिए आवेदन करता है जिसमें संयुक्त आज्ञप्ति निष्पादित की जा रही है। निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प श्री A के लिए सही है?

(A) श्री A आदेश 21 नियम 18 के अंतर्गत उसकी संयुक्त आज्ञप्ति को प्रति - आज्ञप्ति के रूप में मानेगा ।

(B) श्री A आदेश 21 नियम 18 के अंतर्गत उसकी संयुक्त आज्ञति को प्रति -आज्ञति के रूप में नहीं मान सकता ।

(C) श्री A आदेश 22 नियम 18 के अंतर्गत उसके संयुक्त आज्ञप्ति को प्रति -आज्ञप्ति के रूप में नहीं मान सकता ।

(D) इनमें से कोई नहीं

76. A, B और C संयुक्त हिंदू परिवार के सह-दायभागी है। वह संयुक्त रूप से Y के पक्ष में एक बंधक निष्पादित करते है। Y इन सभी के विरुद्ध वाद दायर करता है। C को समन्स दिया जाता है परंतु A और B को नहीं। इनमें से कोई भी हाजिर नहीं रहता है और सभी के विरुद्ध एक-पक्षीय आज्ञप्ति (डिक्री) पारित की जाती है। A और B एक-पक्षीय डिक्री को खारिज करने के लिए आवेदन करते हैं। इनके विरुद्ध डिक्री खारिज की जायेगी।

(A) केवल C

(B) केवल A & B

(C) A, B और C

(D) इनमें से कोई नहीं

77. यदि कोई शपथपत्र पर न्यायालय के समक्ष झूठ बोलता है तो इससे अधिवक्ता / अधिवक्ताओं द्वारा कैसे निपटा जा सकता है ?

(A) शपथभंग आवेदन दर्ज किया जा सकता है।

(B) मुकदमे से पीछे हटकर

(C) उसके समर्थन में आवेदन दर्ज करके

(D) उसके लिए जुर्माना भर कर

78. फरार व्यक्ति के लिए उद्घोषणा निम्नानुसार प्रकाशित की जायेगी :

i. उस ग्राम / नगर के जिसमें व्यक्ति सामान्यतः निवास करता है, सहज दृश्य भाग में पढ़ी जाएगी।

ii. उस गृह या निवास स्थान जिसमें व्यक्ति सामान्यतः निवास करता है या इस नगर या गाँव के सहज दृश्य भाग में चस्पा की जाएगी।

iii. एक प्रति न्याय सदन के सहज दृश्य भाग में चस्पा की जायेगी।

iv. यदि न्यायालय उचित समझे तब उस स्थान में प्रचलित समाचार-पत्र में भी एक प्रति प्रकाशित की जाने का निदेश दे सकेगा जहाँ वह व्यक्ति सामान्यतः रहता है।

(A) केवल ii, iii, iv सही हैं।

(B) केवल ii और iii सही है।

(C) केवल i, iii, iv सही है।

(D) सभी i, ii, iii, iv सही हैं।

79. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?

(A) प्रथम अपील तथ्य के प्रश्न या विधि या दोनो पर की जा सकती है।

(B) द्वितीय अपील केवल विधि के सारभूत प्रश्न पर हो सकती है।

(C) द्वितीय अपील तथ्य के प्रश्न या विधि या दोनो पर हो सकती है।

(D) प्रथम अपील उच्च न्यायालय में हो सकती है या नहीं हो सकती है, द्वितीय अपील उच्च न्यायालय में होनी चाहिए।

80. आदेश VI के अनुसार, अभिवचन का तात्पर्य है ?

(A) शिकायत

(B) लिखित कथन

(C) शिकायत और लिखित कथन-दोनो

(D) इनमें से कोई नहीं

81. निम्नलिखित में से कौन सा आदेश "पक्षों की मृत्यु, विवाह और दिवालियापन से संबंधित है?

(A) आदेश 20

(B) आदेश 21

(C) आदेश 22

(D) आदेश 23

82. साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में Res gestae (सुसंगत तथ्य) के सिद्धांत की चर्चा की गई है ?

(A) धारा 5

(B) धारा 6

(C) धारा 10

(D) धारा 11

83. जब एक व्यक्ति जो वाद का एक पक्षकार है का दायित्व वाद के अजनबी के दायित्त्व पर आधारित है तब अजनबी द्वारा उसके दायित्त्व के सापेक्ष स्वीकृति उस व्यक्ति जो वाद में एक पक्ष है की तरफ से स्वीकृति हो सकती है। यह भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की किस धारा में उपबंधित है ?

(A) धारा 17

(B) धारा 18

(C) धारा 19

(D) धारा 21

84. न्यायिक साक्ष्य से क्या तात्पर्य है?

(A) तथ्यों के प्रमाण या अप्रमाण में न्यायालय द्वारा प्राप्त साक्ष्य

(B) पुलिस ऑफिसर द्वारा प्राप्त साक्ष्य

(C) गृह मंत्रालय द्वारा प्राप्त साक्ष्य

(D) प्राधिकरण द्वारा प्राप्त साक्ष्य

85. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा एक 'दस्तावेज' नहीं है ?

(A) धातु की प्लेट या पत्थर पर लेख

(B) एक मानचित्र या प्लान

(C) व्यंग्य-चित्र

(D) इनमें से कोई नहीं

86. "दहेज मृत्यु के बारे में उपधारणा" किस धारा के अंतर्गत दी गई है ?

(A) 113 क

(B) 113 ख

(C) 114 क

(D) 114 ख

87. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 63 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा 'द्वितीयक साक्ष्य नहीं है ?

(A) मूल प्रतियों से यांत्रिक प्रक्रियाओं द्वारा बनायी गई प्रतियाँ जो प्रति और इन प्रतियों से तुलनाकृत प्रतियों की परिशुद्धता की स्वयं सुनिश्चितता देती है।

(B) मूल प्रति से निर्मित या तुलनात्मक प्रतियों

(C) किसी दस्तावेज की अन्तर्वस्तु का उस व्यक्ति द्वारा जिसने स्वयं उसे देखा है, दिया हुआ मौखिक वृत्तांत

(D) धारा 63 के अंतर्गत प्रमाणित नहीं हुई प्रतियाँ

88. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 का निम्नलिखित में से कौन सा प्रावधान वाद दायर करने से संबंधित है ?

(A) धारा 22

(B) धारा 24

(C) धारा 26

(D) धारा 28

89. प्रतिवादी उस पर समन्स की तामील की तारीख के _______ दिनों के भीतर अपने बचाव में एक लिखित बयान (ऑर्डर VIII) पेश कर सकता है।

(A) 15

(B) 30

(C) 60

(D) 45

90. विवाचक प्राधिकरण, प्रक्रिया के नियमों के निर्धारण में ______ द्वारा आबध्द नही होगा ।

(A) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

(B) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872

(C) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973

(D) दोनो, (सिविल प्रक्रिया संहिता, 1903) और (भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872)

91. मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 में निम्नलिखित में से कौन सी धारा मध्यस्थता करार से संबंधित है ?

(A) धारा 6

(B) धारा 7

(C) धारा 8

(D) धारा 9

92. किन परिस्थितियों में मध्यस्थ कार्यवाहियों को समान किया जा सकता है ?

1. अंतिम विवाचन पंचाट

2. अंतरिम पंचाट

3. जहाँ पर मध्य प्राधिकरण ने समाप्ति के लिए आदेश जारी किया हो

(A) 1 और 3

(B) 1 और 2

(C) 2 और 3

(D) 1.2 और 3

93. मध्यस्थता और सुलह अधिनियम, 1996 की धारा 29 के अधीन, एक मध्यस्थ से ज्यादा वाली मध्यस्थ कार्यवाही मध्यस्थ प्राधिकरण का कोई भी निर्णय ______

(A) सभी सदस्यों द्वारा लिया जायेगा।

(B) उसके सदस्यों के 2/3 बहुमत से लिया जायेगा।

(C) मुख्य मध्यस्थ द्वारा लिया जायेगा।

(D) उनके सदस्यों के बहुमत द्वारा लिया जायेगा ।

94. हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 में 'maintenance pendente lite' (वाद लंबित रहने भरणपोषण) का प्रावधान _______ में दिया गया है।

(A) धारा22

(B) धारा 23

(C) धारा 24

(D) धरा 25

95. मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियन, 1999 धारा 2 के अंतर्गत एक मुस्लिम पत्नी तलाक के लिए वाद दाखिल कर सकती है, यदि पति इस अवधि तक पागल हो:

(A) 1 वर्ष

(B) 2 वर्ष

(C) 5 वर्ष

(D) 7 वर्ष

96. मुस्लिम महिला के पास दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 125 से 12 8 के प्रावधनों द्वारा शामिल होने का विकल्प है मुस्लिम महिला (तलाक पर अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम 1996 की कौन धारा इससे संबंधित है ?

(A) धारा 5

(B) धारा 6

(C) धारा 7

(D) इनमे से कोई नही

97. निम्नलिखित में से कौन सा हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत शून्य विवाह का आधार नहीं है?

(A) द्विविवाह

(B) प्रतिविद्ध संबंधो की कोटे

(C) सर्पिंड संबंध

(D) बाल विवाह

98. सपिंड संबंध से तात्पर्य है

(A) तीसरी पीढ़ी (की माता), सातवीं पीढ़ी (के पिता)

(B) तीसरी पीढ़ी (की माता), पाँचवीं पीढ़ी (के पिता)

(C) तीसरी पीढ़ी (की माता), चौथी पीढ़ी (के पिता)

(D) दूसरी पीढ़ी की माता), पाँचवीं पीढ़ी (के पिता)

99. सूचक प्रश्न पूछा जा सकता है।

(A) मुख्य परीक्षा में

(B) पुन: परीक्षा में

(C) प्रति परीक्षा में

(D) इनमें से कोई नहीं

100. अतिरिक्त न्यायिक संस्वीकृति से क्या तात्पर्य है ?

(A) पुलिस को या न्यायधीश और मजिस्ट्रेट के अलावा अन्य व्यक्ति को की गई संस्वीकृतियाँ

(B) मजिस्ट्रेट के समक्ष की गई संस्वीकृतियाँ

(C) न्यायाधीश के समक्ष की गई संस्वीकृतियाँ

(D) इनमें से कोई नहीं